तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, रविवार, 23 जून 2024



13 चबूतरा छोड़ सड़क पर पसरा लगाते हैं दुकानदार...





14 शासकीय विद्यालय घीना में मना योग दिवस






## बारिश : शुक्रवार देर शाम शुरू हुई झमाझम बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

# जिले में एक ही रात में रिकार्ड 52 मिमी बारिश सड़कें लबालब, घरों में घुसा नालियों का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक ही रात में जिले भर में रिकॉर्ड 51.9 मिमी बारिश हुई। शुक्रवार की देर शाम शुरू हुई झमाझम बारिश रात भर होती रही, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। रात भर की बारिश ने लोगों के सामने मुश्किले खड़ी कर दी। वहीं बारिश होते ही बिजली भी बंद हो गई।


ग्राम जुंगेरा में ग्रामीण हेमचन्द साहू के घर बारिश का पानी घुस गया, पानी घर के किचन से लेकर हर एक कमरे में भर गया। जिससे साहू परिवार रात में सोने के बजाए घर में भरे पानी को बाहर निकालने का रेस्क्यू करते रहे, जिसका वीडियो भी सामने आया। इधर जिला मुख्यालय की बात करें तो रात भर हुई झमाझम बारिश के बाद सुबह की स्थिति का नजारा देखकर सफाई व्यवस्था की हकीकत समझ आया।

### बस स्टैंड में पसरी गंदगी

शहर की कई नालियों में बारिश का पानी लबालब भरा हुआ नजर आया। वहीं, कई नालियों से पानी व गंदगी ओव्हरफ्लो होकर सड़क तक पहुंच चुका था, जिसे देख कर यह कहा जा सकता है कि नालियों की सफाई सिर्फ कागजों पर हो रही है, हकीकत की स्थिति कुछ अलग ही है। बस स्टैंड के नजदीक स्थित नालियों से बारिश के पानी के साथ गंदगी ओव्हरफ्लो होकर बस स्टैंड परिसर में फैली हुई नजर आई। इस गंदगी को भी साफ करने वाले कोई जिम्मेदार दोपहर तक भी नहीं पहुंच पाए। वहीं, तेज अंधड़ के कारण गंगा सागर तालाब किनारे सड़क पर एक नीम का पेड़ टूटकर नीचे गिर गया, जिसे कुछ लोग अपने जरूरत में अनुसार उठा कर ले गए।







### सबसे ज्यादा डौंडीलोहारा में 93.1 व डौंडी में सबसे कम 22 मिमी बारिश

जिले में मानसून पहुंचने के बाद पहली बार जिले भर में झमाझम बारिश हुई। शुक्रवार की रात जिले में औसतन 51.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सबसे ज्यादा वर्षा डौंडीलोहारा तहसील क्षेत्र में 93.1 मिमी वर्षा, बालोद 72.2 मिमी वर्षा, गुरुर 38.4 मिमी वर्षा, गुण्डरदेही 34.3 मिमी वर्षा, डौंडी 22.0 मिमी वर्षा, अर्जुन्दा में 47.7 मिमी वर्षा तथा मार्री बंगला देवरी तहसील में 55.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।





### कच्चे मकानों की मरम्मत तेज

कच्चे मकान में रहने वाले कई लोगों को पीएम आवास योजना के तहत लाभ नहीं मिल पाया, जिसके कारण वे इस साल भी बारिश और आंधी तूफान से बचने युद्धस्तर पर अपने आशियाना को व्यवस्थित करने व मरम्मत कार्य कर रहे हैं। जर्जर दीवार को सुधारने से लेकर खपरैल को हटाकर पहले तिरपाल बिछाकर उसके ऊपर खपरैल को लगाया जा रहा है, ताकि बारिश का पानी घर के अंदर न गिरे। इस तरह की स्थिति मानसून के दिनों में अक्सर देखने को मिलता है।

## खबर संक्षेप



### दो बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**गुरूर।** तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिल में जोरदार भिड़ंत होने से एक मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई, जबकि दूसरे बाइक का चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना पुरुर और भर्रीगांव के बीच मुख्य मार्ग की है। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक चालक एक ही गांव फागुनदाह के हैं। दोनों बाइक की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत होने से फागुनदाह निवासी मिथलेश कुमार की मौत हो गई, जबकि त्रिभुवन निर्मलकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि मृतक अपनी सही दिशा मे धीमी गति से वाहन चला रहा था, विपरीत दिशा से आ रहे त्रिभुवन निर्मलकर के वाहन की रफ्तार बहुत तेज थी। मामले को लेकर पुरुर पुलिस जांच में जुट गई है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत



**अर्जुंदा।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक 35 वर्षीय युवक रामचरण उर्फ रामू सिन्हा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। थाना अर्जुंदा से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम तकरीबन 7:30 बजे अर्जुंदा से रामचरण पिता गंगा प्रसाद सिन्हा निवासी देवगहन अपने ससुराल घीना जा रहा था। इसी दौरान अर्जुंदा से महज 4 किलोमीटर की दूरी ग्राम परसवानी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटना–स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही अर्जुंदा थाना के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। शव को 108 संजीवनी से अर्जुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र लाया गया। पंचनामा एवं मर्ग कायम करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गुंडरदेही भेजा गया।

### पाररास रेलवे फाटक के दोनों ओर का ब्रेकर तोड़कर फिर से बनाने की मांग




**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्षद कमलेश सोनी के नेतृत्व में रेलवे विभाग के वरिष्ठ अभियंता लोक निर्माण विभाग के मेश्राम को ज्ञापन सौंप कर बालोद मुख्यमार्ग पाररास रेलवे फाटक के दोनों तरफ बने अमानक गति अवरोधक ब्रेकर को हटाने एवं पुनः शासन के मानक अनुसार बनाने की मांग की है। कमलेश ▶▶| शेष पेज 13 पर

# ट्रक व हाईवा में टक्कर दोनों के चालक गंभीर

## राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर ग्राम तार्री में हुई दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर ग्राम तार्री में रेत से भरे तेज रफ्तार हाइवा ने चावल से भरे ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में दोनों गाड़ियों के ड्राइवर बुरी तरह से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया है। वहीं, दुर्घटना के कारण आपस में फंसे दोनों गाड़ियों को क्रेन व जेसीबी के माध्यम से लगभग घंटों की मशक्त के बाद अलग कर यातायात बहाल किया गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 08 वाय 3531 में चावल भरा हुआ था, जो बालोद की तरफ से गुरूर की ओर जा रहा था। हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 24 टी 4575 पुरुर की ओर से बालोद की ओर रेत भरकर जा रहा ▶▶| शेष पेज 13 पर



### कड़ी मशक्त के बाद ड्राइवरों को बाहर निकाला गया

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह लगभग 6 बजे के करीब यह हादसा हुआ, जब हाइवा गाड़ी रेत भरकर गुरूर की तरफ से बहुत ज्यादा रफ्तार में आ रहा था और ट्रक हॉर्न बजाते भरदा की तरफ से आ रहा था। तभी अचानक हाइवा गाड़ी और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। हादसे के बाद हाईवा में भरी रेत सड़क पर बिखर गई और दोनों गाड़ियों से बचाओ-बचाओ की चीख पुकार सुनाई देने लगी। दोनों चालक अपनें वाहनों में बुरी तरह फंस गए थे। तब ग्रामीणों ने पुलिस व 108 वाहन को सूचना दी। वहीं, कोई राहत पहुंचती उसके पहले ही ग्रामीणों ने मिलकर सब्बल व जेसीबी वाहन के माध्यम से हाईवा में फंसे युवक को बाहर निकाला और आधा घंटे की कड़ी मशक्त के बाद दूसरे चालक को भी सुरक्षित बाहर निकाला। गुरूर पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।

### पीछे करने के दौरान ट्रक ने कार को ठोका



**बालोद।** चावल से लदे ट्रक ने ट्रक को पीछे करने के दौरान पीछे खड़ी कार को ठोक दिया। जिसके बाद कार के सामने हिस्सा ट्रक के पीछे भाग में फंस गया जिससे कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और, जिसे क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। हालांकि इस हादसे में किसी किसी को भी चोट नहीं आई है। दरअसल बालोद पाररास के बीच रेलवे फाटक के पास एक ट्रक जो चावल भरा हुआ था वह खड़ा था। उसके पीछे चार पहिया वाहन जो पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार की है, वह ट्रक के ठीक पीछे थी। इस दौरान चावल से भरे ट्रक के ड्राइवर ने ट्रक को पीछे करने के दौरान पीछे खड़ी कार को ठोक दिया। कार में पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार थे या नहीं यह स्पष्ट नहीं हो पाया। घटना की जानकारी लगते ही भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, भाजपा नेता यज्ञदत्त शर्मा सहित अन्य भाजपा नेता मौके पर पहुंचे। वहीं यातायात पुलिस भी तत्काल घटना स्थल पहुंचकर क्रेन की मदद से घटना में फंसी दोनों गाड़ियों को अलग किया। जानकारी के अनुसार चावल से भरी ट्रक रैक प्वाइंट का बताया जा रहा है। इस घटना में कार के सामने का हिस्सा काफी ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गया है।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


### बोहारा में आज मनाई जाएगी संत कबीर की जयंती

**गुरूर।** कबीर आश्रम बोहारा में संत कबीर की 626वीं जयंती समारोह 23 जून को मनाई जाएगी। मुख्य वक्ता संत दिनेश साहेब कबीर आश्रम करहीभदर एवं साध्वी समष्टी साहेब व कबीर ब्रम्हचारिणी आश्रम पोटियाडीह से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 11 बजे बीजक पाठ के साथ प्रारंभ होगा। उसके बाद संत कबीर के जीवन दर्शन पर संतों एवं भक्तों के विचार होंगे।







## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से लघु वनोपज संघ के एमडी ने की भेंट

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य में तेंदूपत्ता संग्रहण, संग्राहकों को भुगतान, लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन एवं विपणन की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त वनवासी ग्रामीणों महिला समूहों के लिए चलाए जा रहे रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम से उनको हो रहे आर्थिक लाभ के संबंध में अवगत कराया। साथ ही छत्तीसगढ़ हर्बल के उत्पादों का हैंपर राज्यपाल को भेंट किया।

### कोषालयीन कर्मचारी महासंघ के मरावी अध्यक्ष



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कोषालयीन कर्मचारी अधिकारी महासंघ की आमसभा में सर्वसम्मति से केएस मरावी को संघ का प्रांताध्यक्ष चुना गया। श्री मरावी वर्तमान में संचालनालय कोष एवं लेखा में अपर संचालक के पद पर कार्यरत हैं। निर्वतमान प्रांताध्यक्ष गांधी लाल भारद्वाज का कार्यकाल 03 वर्ष होने पर समाप्त हो गया था। नियामानुसार चुनाव कराना होता है। किन्तु आपसी सहमति से श्री मरावी को संघ का प्रांताध्यक्ष चुना गया। उक्त चुनाव के निर्वाचन अधिकारी कमल वर्मा अध्यक्ष छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष थे जिन्होंने श्री मरावी को प्रांताध्यक्ष घोषित किया।

### पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षामंत्री दें इस्तीफा

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि नीट रिजल्ट में बड़ी गड़बड़ी हुई है,



इनमें बड़े-बड़े लोग भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं, जिसे रोक पाना केंद्र सरकार के लिए गंभीर मामला हो गया है। नीट पेपर रिजल्ट गड़बड़ी से बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रही है। सामने आ रहा है कि 35 उम्मीदवारों को नीट-यूजी के प्रश्नप्रत्र के पर्चे मिले थे। इसमें हर उम्मीदवार से 30-30 लाख रुपए लिए गए थे। केंद्रीय शिक्षामंत्री अपने पद से तत्काल इस्तीफा दें।

### रायपुर नगर निगम को बनाएं महानगरपालिका

**रायपुर** । सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, शैलेश श्रीवास्तव, सुरेश जैन, शरद गुप्ता ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम रायपुर को महानगरपालिका का दर्जा देने या निगम को तीन भागों में विभक्त करके छोटे-छोटे निगम बनाने की मांग की है। सत्यमेव जयते फाउंडेशन ने रायपुर के समुचित विकास के लिए छोटे-छोटे जिलों की तरह नगर निगम रायपुर को भी नए क्षेत्रों को जोड़ते हुए तीन नगर निगम में विभाजित किए जाने की मांग की है। रायपुर नगरीय निकाय क्षेत्र की आबादी लगभग 20 लाख हो चुकी है।

# शिक्षकों ने क्रमोन्नति व पुरानी पेंशन सहित अनेक विषयों पर की चर्चा

**बालोद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, जिला कार्यकारिणी बालोद की गंगा मैया प्रांगण झलमला में बैठक रखी गई। बैठक में सांगठनिक गतिविधियों के साथ प्रांताध्यक्ष की अनुमति अनुसार जिला कार्यकारिणी विस्तार, प्रांतीय प्रतिनिधि, प्रांतीय महिला प्रतिनिधि, महिला जिला प्रतिनिधि सहित सक्रिय पदाधिकारियों की टीम का विस्तार आदि पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। जिला व ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने सभी पदाधिकारियों ने जोर दिया। शिक्षकों की मांगों, जिसमें प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ देकर क्रमोन्नत वेतनमान, पुरानी पेंशन का लाभ देने, नियमित पदोन्नति प्रक्रिया सहित प्रांतीय, जिला व ब्लॉक स्तरीय समस्याओं के निराकरण के लिए जल्द रणनीति बना कर कार्य करने पर पदाधिकारियों ने चर्चा की।जिला व ब्लॉक स्तर पर सांगठनिक पदो पर सक्रिय पदाधिकारियों को कार्य करने के अवसर प्रदान करने

#### संगठन में रिक्त पदों पर सर्वसम्मति से तय किए गए नाम



पदाधिकारियों द्वारा बैठक में मांगों व अन्य संगठनात्मक विषयों पर आए सुझावों, प्रस्तावों से प्रांतीय कार्यकारिणी को जल्द अवगत कराया जाएगा। प्रांतीय महिला प्रतिनिधि ललिता यादव के सेवानिवृत्ति होने व महिला प्रतिनिधि व जिला महिला प्रतिनिधि नीता बघेल के देहावसान के कारण संगठन में रिक्त पदों पर सर्वसम्मति से नाम तय किया गया। उक्त दोनों पदों के लिए नए पदाधिकारियों एवं प्रांतीय प्रतिनिधि के प्रस्तावित नाम जल्द प्रांतीय कार्यकारिणी को अनुमोदन के लिए भेजे जाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान प्रांतीय महिला प्रतिनिधि ललिता यादव को सेवानिवृत्ति पर संगठन की ओर से बिदाई भी दी गई।

जिला स्तरीय बैठक के पश्चात अब सभी ब्लॉक में भी जल्द बैठक आयोजित की जाएगी, बैठक में जिलाध्यक्ष दिलीप साहू द्वारा प्रांतीय गतिविधियों व जिला स्तर पर प्राथमिक प्रधान पाठक पदोन्नति, सेवा पुस्तिका व पासबुक संधारण सहित अन्य मुद्दे पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। बैठक में जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, प्रदेश संगठन सचिव प्रदीप साहू, जिला संयोजक बीरबल देशमुख, रामकिशोर खरांशु, जिला उपाध्यक्ष शिव शांडिल्य, वीरेन्द्र देवांगन, जिला सचिव नरेंद्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुम्भकार, ब्लॉक अध्यक्ष गुरुर सूरज गोपाल गंगबेर, अध्यक्ष गुंडरदेही राजेन्द्र देशमुख, अध्यक्ष डौंडी गजेन्द्र कुमार रावटे, अध्यक्ष डौंडी लोहारा अविनाश साहू, ललिता यादव महिला प्रतिनिधि, मधुमाला कौशल, अंजुलता योगी, दुर्गा जोशी सहित जिला प्रतिनिधियों में नीलेश देशमुख, जगत राम साहू, रिखी धुरव, रवींद्र नाथ योगी, कमल आलेंद्र, जिला आईटी सेल प्रभारी हरीश साहू, गुलाब भारद्वाज, भूपेंद्र प्रसाद पांडेय, लक्ष्मी नारायण बंजारे, महेंद्र टांडिया, कामतू राम चंदेल, रामसिंह ठाकुर, धिराज सिंह कस्तुरे, मनीष देशमुख, कुलभूषण साहू व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री ने सांसद भोजराज से किया आग्रह

# जिले में खोला जाए मेडिकल कॉलेज : राकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

जिला बनने के दस वर्ष बाद भी जिलेवासियों को बड़े स्वास्थ्य इलाज या बड़े एक्सीडेंट या ऑपरेशन जैसे आपातकालीन सेवाओं के लिए दूसरे जिले के अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इसे देखते हुए संजारी विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने क्षेत्र में दौरे में पहुंचे सांसद भोजराज नाग से मिलकर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग की है। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिला अस्पताल सहित ब्लाक स्तर पर स्वास्थ केन्द्र की सुविधा तो दी गई है, लेकिन इन स्वास्थ्य केन्द्रों में जिलेवासियों को बड़े मामले में ईलाज तक की सुविधा नहीं मिल पाती है।

यह विडंबना ही है कि जिले में किसी को गंभीर बिमारी हो जाए या कोई विशेष जांच भी करानी है तो उसे सही ईलाज पाने के लिए जिले से बाहर अन्य जिलों के मेडिकल कॉलेज या अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है, क्योकि जिले व ब्लाक में स्थित अस्पतालों में गंभीर बिमारी की जांच संबंधी कोई विशेष सुविधा नहीं है।

जिला अस्पताल के साथ स्वास्थ्य केन्द्रों में अगर सुविधा भी उपलब्ध है, तो उसे संचालित करने वाला कर्मचारी का अभाव है या तो उससे संबंधित डॉक्टर ही उपलब्ध नहीं होने जैसी समस्याओं से जिलेवासियों को झेलना पड़ रहा है।

ऐसी समस्याओं को देखते हुए जिले के अस्पतालों को जिलेवासी अस्पताल की जगह रेफर सेंटर कहना प्रारंभ कर दिया है। इसलिए ऐसी स्थिति को देखते हुए अब जिलेवासी कोई भी गंभीर स्वास्थ ईलाज कराने या किसी व्यक्ति का गंभीर एक्सीडेंट की स्थिति मे भी जिले के अस्पतालों मे ले जाकर समय खराब करने से अच्छा सीधे दूसरे जिले के अस्पतालो या मेडिकल कॉलेजों में ले जाना सही समझ रहे हैं।

#### जिले के अस्पतालों में कई बीमारियों के इलाज व जांच की नहीं है सुविधा



#### जिले के युवाओं को मिलेगा स्वास्थ्य सेवा का अवसर

जिले में मेडिकल कॉलेज खुल जाने से इन सब परेशानीयो से जिलेवासियों को राहत मिलेगी। साथ ही जिले के ऐसे विद्यार्थी जो स्वास्थ क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, उन्हें मेडिकल कॉलेज के माध्यम से पढ़ाई का अवसर मिलेगा। साथ ही वे जिले को अपनी सेवाएं भी यही रहकर दे सकेंगे। वर्तमान में कुछ गिने चुने विद्यार्थी ही अपने सपने को पूरा कर पा रहे हैं। ऐसे में यहां मेडिकल कॉलेज खुल जाने से विद्यार्थियों की भी कई समस्याओं का हल हो जाएगा।

#### इस वर्ष बजट में हो शामिल

राकेश यादव द्वारा सौपें ज्ञापन में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बालोद जिला का गठन हुआ है। बालोद जिले के लोगों को अच्छे स्तर की स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए बालोद में प्रधानमंत्री की इच्छा अनुरूप देश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना है। इस लिए इस वर्ष के बजट में बालोद जिले को प्राथमिकता से शामिल किया जाए। बालोद जिला खनिज न्यास निधि में 85 करोड़ रूपये का बजट होता है। राज्यांश के लिए खनिज निधि से 50 करोड़ की राशि खनिज न्यास निधि से मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए उपलब्ध हो सकती है।

# वार्डों के विस्तार के लिए अधिकारियों को दी गई परिसीमन की ट्रेनिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव होने से पहले नगर निगम व नगर पालिका क्षेत्रों में वार्डों का विस्तार करने की तैयारियां अब जोर पकड़ने लगी हैं। इसके तहत शुक्रवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के अधिकारियों ने वार्डों का परिसीमन करने वाले राजस्व अधिकारियों को विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण के बाद राजस्व अधिकारी अपने-अपने वार्डों का 24 जून से परिसीमन का काम शुरू कर देंगे। परिसीमन के बाद प्रस्तावों पर दावा-आपत्तियां मंगाई जाएंगी, जिसका निराकरण करने के बाद ही प्रस्ताव को मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा।

#### निगम आयुक्त ने समय सीमा में प्रस्ताव तैयार करने दिए निर्देश

*रायपुर निगम मुख्यालय के डाटा सेंटर में पहुंचकर आयुक्त अबिनाश मिश्रा भी इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने निगम क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों को शासन के निर्देश पर वार्डों के परिसीमन का कार्य तय समय सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए। इस दौरान डाटा सेंटर में उपायुक्त सामान्य प्रशासन कृष्णा खटीक, उपायुक्त स्वास्थ्य एके हालदार, नगर निवेषक निषीकांत वर्मा, सहायक अभियंता नितिश झा, आषुतोश सिंह, आईटी विशेषज्ञ रंजीत रंजन, डाटा सेंटर के प्रभारी राधेश्याम एक्का उपस्थित थे।*

#### 8 जुलाई तक तैयार करना है प्रस्ताव

वार्डों के परिसीमन का प्रस्ताव के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके तहत राजस्व अधिकारियों को 24 जून से 8 जुलाई तक समय दिया गया है। इस समय सीमा में प्रस्ताव तैयार किया जाना है। इसके बाद प्रस्ताव पर दावा-आपत्तियां मंगाई जाएगी। इसके लिए 9 से 15 जुलाई का समय निर्धारित किया गया है। दावा-आपत्तियों के निराकरण करने के बाद ही 18 जुलाई को प्रस्ताव मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा।

# बैज बोले- कांग्रेस बिजली कटौती पर करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही है। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी की जाती थी।

रबी फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलती थी। कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पॉवर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में 6 माह में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है, आम जनता सड़कों



पर उतरकर बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रही है। श्री बैज ने कहा कांग्रेस बिजली कटौती को लेकर प्रदेश में शीघ्र ही जन आंदोलन छेड़ेगी। श्री बैज ने कहा, पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिए बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटों बिजली गोल हो जाती है।

# संजय बोले- युवाओं का भविष्य चौपट करने वाले किस मुंह से प्रदर्शन कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने नीट और नेट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को किए गए प्रदर्शन पर कहा, कांग्रेस इस मामले में सस्ती राजनीति करके प्रदेश के उन युवाओं को बरगलाने की शर्मनाक हरकत कर रही है, जिनके साथ कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने छल-कपट और धोखाधड़ी की सारी हदें पार कर दी थीं। कांग्रेस के लोग क्या पीएससी का घोटाला भूल गए।



कांग्रेस सरकार ने पीएससी के बच्चों के साथ अन्याय किया, पीएससी में बड़ा घोटाला हुआ तब कांग्रेसियों ने एक शब्द तक नहीं कहा। कांग्रेस को अपने दोहरे राजनीतिक चरित्र पर आखिर कब शर्म महसूस होगी। श्री श्रीवास्तव ने कहा, नीट पेपर लीक मामले पर हायतौबा वह कांग्रेस मचा रही है, जिसने अपने शासनकाल में पीएससी प्रतियोगी परीक्षा में घोटाला करके युवाओं के सपनों को चूर-चूर तो किया ही, साथ ही उनके परिजनों तक के उन अरमानों को रौंदने का काम किया था, जो उन परिजनों ने अपनी सारी जमा-पूंजी, सम्पत्ति दांव पर लगाकर अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य को लेकर संजोए थे। श्री श्रीवास्तव ने कहा, नीट पेपर लीक कांड को लेकर भाजपा सरकार पूरी संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ जांच प्रक्रिया में जुटी है, बावजूद इसके कांग्रेस सस्ती और ओछी राजनीति करके प्रदेश के वातावरण को बिगाड़ने के मौके तलाश रही है।

# मवेशी कारोबारियों के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग, मुस्लिम समाज ने रैली निकाली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में एक पखवाड़ा पूर्व छह-सात जून की दरमियानी रात आरंग थाना क्षेत्र में मवेशी तस्करी करने के आरोप में भीड़ द्वारा तीन लोगों की पीट पीटकर हत्या करने की घटना में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं होने से मुस्लिम समाज नाराज है। मुस्लिम समाज के सात सौ लोगों ने शुक्रवार को नमाज पढ़ने के बाद सुभाष स्टेडियम तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देखते हुए आधा दर्जन से ज्यादा राजपत्रित पुलिस अफसरों के साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

एएसपी ट्रैफिक ओम प्रकाश शर्मा के मुताबिक मुस्लिम समाज के लोग बंजारी बाबा दरगाह से रैली निकालकर सुभाष स्टेडियम के पास पहुंचे। वहां समाज के लोगों ने एडीएम देवेंद्र पटेल को ज्ञापन सौंप



कर हत्या के आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। रैली के

- **समाज के सात सौ के करीब लोगों ने नमाज पढ़ने के बाद रैली निकालकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा**

दौरान समाज के लोगों की पुलिस के साथ धक्का मुक्की भी हुई। पुलिस के साथ धक्का मुक्की होते देख जिम्मेदार लोगों ने समाज के लोगों से पुलिस के साथ धक्का मुक्की नहीं करने तथा शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की गुजारिश की। गौरतलब है कि घटना दिनांक को महानदी पुल के नीचे एक मृत तथा दो घायल अवस्था में मिले थे। एक घायल की मौत उपचार कराने अस्पताल ले जाते हुई थी, एक घायल की मौत चार दिन पहले अस्पताल में उपचार के दौरान हुई है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने प्रस्तुत की रेलवे की उपलब्धि

# जीएम ने गिनाई उपलब्धि, 9 महीनों में चौथी और तीसरी लाइन का काम करेंगे पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को बजट अधिक मिलने के बाद से लगातार विकास कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा विकास कार्यों की जानकारी देने के साथ यात्री सुविधाओं के बारे में भी बताया। बैठक में बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे राष्ट्र का मालवाहक है। जोन भारतीय रेलवे का दूसरा सबसे अधिक माल लदान करने वाला जोन है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 236 मिलियन टन माल लदान किया है, जो 10 प्रतिशत वृद्धि है। महाप्रबंधक ने बताया कि अगले 9 महीनों में हम मल्टी-ट्रैकिंग कार्य करेंगे, इसमें तीन बहुत ही महत्वपूर्ण रेलखंड शामिल हैं, जिसमें बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन, अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन, राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन प्रमुख है। इन कार्यों के पूरा होने से गतिशीलता में काफी सुधार होगा। पिछले वित्तीय वर्ष में हमने 143 किलोमीटर नए सेक्शन, 133.3

#### 2025 तक 421 किलोमीटर का लक्ष्य



किलोमीटर मल्टी-ट्रैकिंग, 3.8 किलोमीटर नई लाइनें और 6 किलोमीटर गेज परिवर्तन का काम पूरा किया है, जिसमें बिलासपुर-उसलापुर आरओआर फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल 421 किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है। 224 किलोमीटर मल्टी-ट्रैकिंग, 20 किलोमीटर नई लाइनें और 177 किलोमीटर गेज परिवर्तन।

#### 15 ट्रेनों में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच

*पिछले वित्तीय वर्ष में महत्वपूर्ण स्टेशनों से 8 जोड़ी नई यात्री सेवाएं शुरू की हैं। 06 जोड़ी ट्रेनों का विस्तार किया गया है। विभिन्न ट्रेनों को 16 स्टेशनों पर नए ठहराव दिए गए हैं । यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पिछले वित्तीय वर्ष में 367 से अधिक अतिरिक्त कोच लगाए गए थे। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 32 अतिरिक्त कोच उपलब्ध कराए जा चुके हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए वर्ष 2023-24 में 3 और ट्रेनों में पारंपरिक आईसीएफ कोचों के स्थान पर एलएचबी कोचों का प्रावधान किया गया है । इसके साथ ही वर्ष 2023-24 में 15 ट्रेनों में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच लगाए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत गौरव ट्रेनों के 23 ट्रिप और आस्था स्पेशल ट्रेनों के 11 ट्रिप संचालित किए गए थे।*

#### 204 स्टेशनों पर मिलने लगी मुफ्त वाई-फाई

पिछले वित्तीय वर्ष में 13 फुट ओवर ब्रिज और 09 हाई लेवल प्लेटफॉर्म का निर्माण पूरा किया गया। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 01 एफओबी उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न स्टेशनों पर 25 लिफ्ट और 14 एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध है और 04 एस्केलेटर और 09 लिफ्ट लगाने का कार्य प्रगति पर है। 204 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के लिए मुफ्त वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए 1800 करोड़ से अधिक की लागत से 47 स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अलावा हमारी रेलवे के 03 स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग का पुनर्विकास किया जा रहा है। रेल मदद ऐप और हेल्पलाइन नंबर 139 तथा सोशल मीडिया के माध्यम से यात्रियों की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इस उद्देश्य के लिए प्रत्येक मंडल व क्षेत्रीय रेलवे मुख्यालयों पर विशेष वॉर रूम बनाए गए हैं।

# शिवसेना ने दिया धरना कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** राष्ट्रहित और प्रदेशहित के मुद्दों पर छत्तीसगढ़ शिवसेना ने बूढ़ातालाब धरनास्थल पर एक दिवसीय धरना दिया गया। उसके बाद मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष मधुकर पांडे, प्रदेश महासचिव सुनील झा, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, प्रदेश महामंत्री राजेश ठाकरे, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवा केसरवानी, धर्मेंद्र ठाकुर, धनंजय चौहान, विकास ठाकुर, आरके शुक्ला, प्रदेश सचिव दिनेश ठाकुर, हिमांशु शर्मा, दिनेश ताम्रकार, प्रदेश संगठक आशीष परेडा, महिला सेना प्रदेश सचिव अनामिका अवस्थी, जिला अध्यक्ष नेहा तिवारी, बिलासपुर जिला अध्यक्ष मुकेश, महासमुंद जिला अध्यक्ष अजय बंजारे, बस्तर जिलाध्यक्ष राजेश कुकड़े, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष कमल सोनी आदि शामिल हुए।

**प्रमुख मांगे:** देश को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए, समान नागरिक संहिता यूसीसी लागू की जाए, नागरिक संशोधन अधिनियम 2019 सीएए को पूरे देश में लागू किया जाए, जनसंख्या नियंत्रण के लिए दो बच्चों से अधिक होने पर उस परिवार को स्वास्थ्य, स्कूल, राशनकार्ड, गैस कार्ड का सरकारी लाभ न दिया जाए।

# मानसून की आहट के साथ खेतों में बढ़ी किसानों की व्यस्तता, थरहा की तैयारी शुरू

## रविवार को शुरू हुआ आसाढ़ का महीना, बारिश के बाद शुरू हो जाएगी बोआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाटाबोड़

रविवार को आसाढ़ माह की शुरुआत हो गई। वहीं, जिले में मानसून की आहट के साथ ही किसानों ने धान की नर्सरी की तैयारी शुरू कर दी है। इसके साथ ही बीज विक्रेताओं की दुकानों पर किसान धान का बीज खरीदने में जुट गए हैं। पौध तैयार होते ही धान की रोपाई शुरू हो जाएगी।

■ खाद-बीज की व्यवस्था के लिए सोसाइटी व कृषि केंद्रों में दिखने लगी भीड़

जिले में किसानों को मानसून की बारिश अच्छी होने की उम्मीद अभी से दिखने लगी है। बोर सिंचाई सुविधा वाले किसान अपने खेतों में रोपाई के लिए नर्सरी तैयार कर लिया है, जबकि बोईता फसल लेने वाले किसानों को बीज छिड़कने के लिए अब बारिश का इंतजार है, क्योंकि बारिश के बिना बीज नहीं छिड़क सकते। लाटाबोड़ भोईनापार परसाही खपरी बोरी पसौद समेत आसपास के गांवों में खरीफ सीजन की तैयारी शुरू हो गई है। कई किसानों के खेतों में नर्सरी तैयार हो रही है। पसौद के कृषक केशवराम साहू लेखराम यादव हेमूराम निर्मलकर ने बताया कि पखवाड़ेभर के भीतर धान की रोपाई शुरू हो जाएगी। वहीं, किसानों ने बताया कि इस वर्ष धान रोपाई की दर मे बढ़ोतरी होने से इस वर्ष अधिकतर किसान लाईचोपी पद्धति से फसल लेने की तैयारी में जुट गए हैं। इधर बोईता पद्धति से धान की फसल लेने वाले किसानों को अब बारिश शुरू होने का इंतजार है किसान खेतों की सूखा (अकरस) जोताई कराकर रखे हुए है। जैसे ही बारिश होती है, तो बीज का छिड़काव करेंगे। मौसम को देखते हुए यदि किसान तेज धूप के बीच छिड़काव करते हैं, तो बीज तेज धूप में लाल होकर खराब हो जाएगा।



### खेतों की गहरी जोताई की सलाह

कृषक मित्र भी खरीफ सीजन में धान की खुर्रा बोनी करने वाले किसानों को खेतों की गहराई तक जोताई करने की सलाह देते हैं। बताया जाता है कि खेतों की गहरी जोताई करने से मिट्टी जनित खरपतवार के साथ-साथ फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़ों के अंडे नष्ट हो जाते हैं। धान की बोआई करने से पहले बीजों को अच्छी तरह से धूप में सुखा लेना चाहिए। खरीफ फसल की बोनी की जरूरी तैयारियों में खेतों की साफ सफाई और मेड़ों की मरम्मत शामिल है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों को बघमरा में दिया गया प्रशिक्षण

**गुण्डरदेही।** बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित प्राथमिक विभाग के कक्षा एक दो व तीन के शिक्षकों का चार दिवसीय एफएमएस प्रशिक्षण का द्वितीय चरण जो पूर्व माध्यमिक शाला बघमरा में आयोजित किया जा रहा था, जिसका शनिवार को समापन हुआ। यह प्रशिक्षण मुख्यतः भाषा और गणित विषय पर आधारित है, जिसका उद्देश्य कक्षा 3 तक के सभी बच्चों को पढ़ने, लिखने व संख्या ज्ञान में दक्ष करना है। प्रशिक्षण देने के लिए वि.खंड गुण्डरदेही के मास्टर ट्रेनर की टीम उपस्थित थे, जो राज्य व जिले से प्रशिक्षित होकर आए है। जिन्होंने बताया कि पुस्तकालय और ई-जादुई पिटारा के उपयोग कर बच्चो की गुणवत्ता को कैसे बढ़ाया जा सकता है, भाषा और गणित विषय मे साप्ताहिक कार्य योजना बनाकर प्रति सप्ताह बच्चों का नियमित आकलन करते जाना है। बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बनी रहे जिसके लिए ज्यादा से ज्यादा खेल आधारित गतिविधि कराई जानी है, साथ ही 21 वी सदी की नई शिक्षण व्यवस्था नवा जतन के बारे में भी बताया गया।

### बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मकता ज्ञान का लक्ष्य पूरा करने की कवायद



**जामगांव आर।** शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन में निपुण भारत मिशन अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता ज्ञान के निर्धारित लक्ष्य 2026-27 के पूर्व 2025 में ही पूरा करने विकास खण्ड पाटन शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार महिलांगे ने कवायद शुरू कर दी है। विकासखण्ड में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण अंतर्गत जोन पाटन व जामगांव आर में राज्य स्त्रेत व्यक्ति सुशील कुमार सूर्यवंशी के साथ शामिल होकर शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हुए प्रशिक्षण के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर प्रशिक्षण संबंधित जानकारी को क्वीज व एनालिटिकल प्रश्नो के माध्यम से जांचकर, शिक्षकों को पुरस्कृत किए। जिससे शिक्षक प्रसन्न होकर प्रभावित होते हुए शिक्षा अधिकारी के हर प्रश्नों पर अपनी सहभागिता दी। प्रशिक्षण अंतर्गत व्यवस्थागत चर्चा के साथ कंटेंट डिलिवर कैसे किया जा रहा है पर विस्तार से चर्चा मास्टर ट्रेनर रुपेश कुमार साहू एवं टिकेश्वर गजपाल से करते हुए बेहतर व्यवस्था के लिए दोनों को बधाई दी।

### रूपेश ने 6 वीं बार किया रक्तदान



**गुरूर।** ग्राम दानीटोला निवासी रूपेश कुमार यादव ने अपने जीवन में 6 वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंद मरीजों के लिए आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। लोगों को रक्तदान करने में किसी भी प्रकार का संकोच नहीं करना चाहिए। न ही किसी अवधारणा के वशीभूत होकर किसी के बातों में आना चाहिए, अपने जीवन में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

### ईपीएफ से आधार सीडिंग अब 30 तक

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ क्षेत्र में व्याप्त समस्त संस्थानों के नियोक्ताओं, अंशदाताओं/सदस्यों से विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन सुविधाओं का लाभ लेने के लिए आधार सीडिंग की अवधि को 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है। इस संबंध में नियोक्ताओं को सभी अंशदाता सदस्यों का यूएएन आधार से लिंक करना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

## लापरवाही : जिला मुख्यालय के ऐतिहासिक बुधवारी बाजार आज भी अव्यवस्थित

# चबूतरा छोड़ सड़क पर पसरा लगाते हैं दुकानदार, चरमरा गई बाजार व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

एक ओर जहां कलेक्टर ने दल्लीराजहरा नगर में बाजार को व्यवस्थित करने और बाजार में शौचालय बनाने के निर्देश दिए हैं तो वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय के ऐतिहासिक बुधवारी बाजार आज भी अव्यवस्थित है।

■ बाजार अव्यवस्थित होने के कारण ग्राहकों को होती है परेशान

बाजार में अस्त व्यस्त पसरा लगाने तथा बाजार में शौचालय का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से सब्जी खरीदारी करने पहुंचने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के दल्लीराजहरा नगर का निरीक्षण करते हुए पुराना बाजार में शौचालय का निर्माण कराने तथा कोरोना काल के दौरान चिखलाकसा में स्थांतरित किए गए सब्जी मंडी को फिर से पुराना बाजार में प्रारंभ कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जबकि जिला मुख्यालय के बुधवारी बाजार आज भी अपनी अव्यवस्थाओं पर आंसू बहा रहा है। जिला मुख्यालय के बुधवारी बाजार सहित सदर रोड व अन्य इलाकों में रोजाना खरीदी बिक्री करने पहुंचने वालों की काफी भीड़ रहती है, ऐसे में बाजार की अस्त व्यस्त स्थिति को सुधारने की जरूरत है।

बुधवारी बाजार में सब्जी पसरा लगाने वाले व्यापारियों के लिए चबूतरा बनाया गया है, लेकिन उस चबूतरे को छोड़कर सब्जी व्यापारी सड़क पर दुकान लगाकर व्यवसाय करते हैं, जिससे आवागमन करने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दल्लीराजहरा नगर का निरीक्षण कर सब्जी व्यवस्था को सुधारने जिस प्रकार कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किए हैं उसे देख कर बुधवारी बाजार की अव्यवस्था को भी सुधारा जाएगा, ऐसा कयास लगाया जा रहा है, जो कि बहुत जरूरी भी है। रविवार और बुधवार के दिन साप्ताहिक बाजार होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना यहां करना पड़ता है। लोगों को पैदल चलने के दौरान भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, ऐसे में बुधवारी बाजार की अव्यवस्था को सुधार करने की जरूरत है।



### सालभर में नहीं बना शौचालय

इसके साथ ही बाजार में निर्माणाधीन सुलभ शौचालय के पूर्ण होने का भी इंतजार लोग कर रहे हैं क्योंकि बुधवारी बाजार सहित आस पास के इलाके में एक भी सुलभ शौचालय नहीं है। ऐसे में खरीदी बिक्री करने यहां पहुंचने वाले लोगों को, खासकर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शौचालय को जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग भी उठने लगी है। बता दें कि इस शौचालय का निर्माण लगभग एक साल से चल रहा है।

# लिमोरा में प्रतिदिन योग करने का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

शुक्रवार को योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत लिमोरा के पंचायत परिसर में योगासन कर प्रतिदिन योग करने का संदेश दिया। इस दौरान जनपद सदस्य ममता निजानंद चंद्राकर, उप सरपंच योगेंद्र चंद्राकर, योग टीचर तरेंद्र चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माहेश्वरी साहू, मुन्नी ठाकुर, जंयत्री यादव व ग्राम के बच्चे उपस्थित रहे, जिसमें योग करा कर स्वस्थ्य रहने का राज बताया।



### भाजपा कार्यालय में किया गया योगासनों का अभ्यास

**गुण्डरदेही।** भाजपा मंडल गुण्डरदेही कार्यालय में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक नोहर लाल देशमुख ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया।

# सांसद बनने के बाद पहली बार गुंडरदेही पहुंचे भोजराज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

भोजराज नाग का कांकेर लोकसभा चुनाव में विजय होने के पश्चात प्रथम गुण्डरदेही नगर आगमन पर भाजपा मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता व आम जनता द्वारा नव निर्वाचित सांसद भोजराज का भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय विश्राम गृह से आभार रैली प्रारंभ होकर मेन रोड से धमतरी चौक होते हुए सामुदायिक भवन में समाप्त हुई। रास्तेभर विभिन्न समाजों द्वारा अपना पंडाल लगाकर सांसद भोजराज नाग का स्वागत किया गया। सामुदायिक भवन में सांसद भोजराज नाग ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजनों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, जिला महामंत्री चेमन देशमुख, राकेश यादव, नरेश यदु, प्रमोद जैन, मोहन चोपड़ा, नगर पंचायत अध्यक्ष रानु सोनकर, अश्वनी यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुष्यंत सोनवानी, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, लेखराम साहू,महामंत्री सौरभ चोपड़ा, थानसिंह मंडावी, सतीश महोबिया, राजू अग्रवाल, कोमल सोनकर, पार्षद टीकाराम निषाद, हेमंत सोनकर, हरीश निषाद, कुलदीप साहू, विजय सोनकर, संतोष नेताम, श्रीकांत वर्मा, लेखराम साहू, देवेन्द्र यदु, नेमलाल यादव, नेमलाल साहू, मंयक अग्रवाल, भानुमति साहू, कांति सोनेश्वरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता महिला मोर्चा के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पैतृक व्यवसाय पर ध्यान दें युवा : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

धोबी समाज का अधिवेशन रायगढ़ में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय सांसद राधेश्याम राठिया, पिछड़ा वर्ग नेता बालक राम पटेल, रायगढ़ नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती सोलंकी थे। विशेष अतिथि झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा, उड़ीसा के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार सेठ, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, विष्णु निर्मलकर, युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर, जांजगीर जिला युवा अध्यक्ष ललित बरेट थे। अधिवेशन में पद्म श्री रामलाल बरेठ सहित सभी अतिथियों का परंपरागत रजक ताज धोबी पगड़ी से नवाज कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने समाज जनों को संबोधित करते हुए कहा- धोबी समाज अब उपेक्षित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज का कोई काम नहीं रुकेगा। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर की मांग पर मोतीनगर में भव्य सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की और प्रथम चरण में 20 लाख रुपए स्वीकृत करने की बात कही। मुख्य अतिथि ने भवन के लिए भूमि आवंटन भी शीघ्र करवाने का आश्वासन दिया। श्री चौधरी ने समाज की बेरोजगारी दूर करने के लिए अपने पैतृक व्यवसाय पर ध्यान देने और आधुनिकता की ओर बढ़कर ड्राई क्लीनर्स खोलने की बात कही। उन्होंने समाज के होनहार बालक जो कौन बनेगा करोड़पति में भाग लिए थे उन्हें 25000 राजकीय पुरस्कार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिलवाने की बात कही। इस अवसर पर सांसद राधेश्याम राठिया, राज्य सभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने धोबी समाज को संपूर्ण भारतवर्ष में अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए लोकसभा में आवाज बुलंद करने की बात कही। संसद द्वय ने समाज के भवन के लिए आवश्यक राशि सांसद निधि से स्वीकृत करने की घोषणा।



### समाज के युवाओं को दिया जाएगा ड्राईक्लीन कार्य का प्रशिक्षण : सूरज

समाज के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने अध्यक्षता करते हुए समाज को पैतृक व्यवसाय अपनाने के लिए अपने ड्राईक्लीन का प्रशिक्षण देने की बात कही। इसके लिए उन्होंने समाज के युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। अधिवेशन का संचालन धर्मेंद्र बरेठ व आभार प्रदर्शन समाज के रायगढ़ अध्यक्ष अवधेश कुमार सोन ने किया। उन्होंने समाज के प्रादेशिक पदाधिकारी के द्वारा रायगढ़ समाज के लिए ध्यान देने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए आभार माना।



### धमना में मना योग पर्व

**जामगांव आर।** खेल एवं युवा मंत्रलय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र दुर्ग एवं ग्राम पंचायत धमना के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस के अवसर पर ग्राम धमना में योग पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि लोकेश महलवार, योगा ट्रेनर ढाल सिंह, भुवन लाल, छत्रपाल, बीरबल, कलीराम, मंथिर, गोविंद, बीरेंद्र, दयाराम, चिंताराम, महेंद्र, वेदप्रकाश, लछमण, राजकुमार, बलराम चौन सिंह का विशेष सहयोग रहा।



### बेलहारी में किया गया सामूहिक योगाभ्यास

**जामगांव आर।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर बेलहारी में सामूहिक योग का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों हलधर महमल्ला, प्राचार्य वाईके साहू, विद्यालयीन स्टॉफ, छात्र समुदाय एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।

## मुख्य सचिव जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से ली बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

# किसानों को खाद-बीज के लिए न हो कोई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने प्रदेश के सभी संभाग आयुक्त, कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों का चिप्स कार्यालय रायपुर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने कहा मौजूदा खरीफ सीजन में प्रदेश के किसानों को खाद, बीज का प्रबंध करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए सभी सहकारी समितियों में समुचित मात्र में खाद, बीज का भण्डारण एवं वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जैन ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने संभाग आयुक्त, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों से 01 जुलाई से लागू होने वाले नवीन न्याय संहिता के क्रियान्वयन के तैयारी के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने समुचित तैयारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत वर्ष 2024 में अब तक लोक सेवा गारंटी में आने वाले राजस्व प्रकरणों का संस्थापन, निराकरण एवं शेष लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु अभियान, राजस्व नक्शों में सुधार के लंबित प्रकरण एवं निराकरण हेतु अभियान आदि के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।




### प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने पर जोर

श्री जैन ने श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने के कार्य की प्रगति तथा वर्ष 2024 में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए जब्ती, अभियोजन एवं राजसात के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। जैन ने जल संसाधन विभाग के अंतर्गत 'नारी शक्ति से जलशक्ति' अभियान की तैयारी तथा सड़क दुर्घटना की रोकथाम के उपायों के अलावा सड़क पर विचरण करने वाले घुमन्तू मवेशियों पर नियंत्रण के लिए की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य सचिव ने जिला स्तर पर जल जीवन मिशन के योजनाओं की वास्तविक पूर्णता की स्थिति की भी समीक्षा की।

## पेज 11 के शेष...

### पाररास रेलवे फाटक...

सोनी ने बताया कि राजनांदगांव बालोद मुख्यमार्ग पर रेलवे फाटक के दोनों ओर रेलवे विभाग ने गति अवरोधक बनाया है, जो अमानक है। इस गति अवरोधक की ऊंचाई अधिक होने के कारण कई चार पहिया वाहनों के आइल चेम्बर तथा साइलेंसर अवरोधक से टकराने से फट चुके हैं। इसका नुकसान गाड़ी मालिकों को भुगतना पड़ता है। अमानक गति अवरोधक के कारण दो पहिया वाहनों के पीछे बैठे बुजुर्गों एवं महिलाओं के गिरने का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने समस्याओं को देखते हुए इसे हटाकर पुनः मापदंड के अनुसार इसका निर्माण कराने की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान पार्षद लेखन साहिरो, रिछेद कलिहारी, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन मोनू, शहर महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, पिंटू सारथी, महेश पाठक व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ट्रक व हाईवा ...

था। बताया जा रहा है कि ग्राम तार्री में बस्ती में भी हाईवा की रफ्तार बहुत तेज थी। हाईवा चालक तेज गति के कारण वाहन को संभल नहीं पाया और दोनों गाड़ियों के बीच टक्कर हो गई। दुर्घटना में दोनों गाड़ियों के चालकों के पैरों में गंभीर चोट आई है। हाईवा चालक की पहचान हिरेन्द्र साहू उम्र लगभग 25 वर्ष नारागांव निवासी के रूप में हुई है, जो कन्नेवाड़ा का गाड़ी चला रहा था। उसके दोनों पैर टूट गए। वहीं, ट्रक वाहन चालक की पहचान गिरधर उम्र लगभग 43 वर्षीय के रूप में हुई है, घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए 108 आपातकालीन वाहन के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र गुरूर लाया गया था, जिसके बाद घायल ड्राइवरों को इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया है।

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला खलारी में दिया गया योग का प्रशिक्षण

**गुण्डरदेही।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला खलारी में 10 वां योग दिवस मनाया गया। योग के प्रति जागरूक करने के लिए माहेश्वरी समाज गुण्डरदेही परिक्षेत्र की पूर्व अध्यक्ष प्रीति गांधी और उनके पुत्र कलश गांधी ने अपने विचार साझा किया और योग का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में शाला के प्रधानपाठक एसपी उईके, शिक्षक बीएल. तिवारी, लता माहेश्वरी उपस्थित थे। योग दिवस के अवसर पर स्कूल के छात्र–छात्राएं समिति अध्यक्ष अरुण साहू तथा सदस्य उपस्थित थे।

### हमेशा स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन करें योग : थानसिंह



**गुण्डरदेही।** दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को शिशु मंदिर कचांदुर में मनाया गया। सरस्वती शिशु मंदिर के संस्थापक सदस्य थानसिंह मंडावी ने कहा कि योग हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है, हर नागरिक को प्रति दिन योग करना चाहिए। योग दिवस के अवसर पर थानसिंह मंडावी, प्रधानाचार्य अशोक साहू, आचार्य दिनेश साहू, तामेश्वर साहू, दीदी रोहणी साहू, मीनाक्षी देशमुख, प्रीति नागरची, राधिका देशमुख, सोनेश्वरी चंदेल, तनीशा साहु, ओम कुमारी साहू, पूर्णिमा साहू, भईया बहन समीर, चूड़ामणि, डेमन साहू, पोयष, शिवण्या, पारूल, पार्थ, काव्या व शिशु मंदिर कचांदुर के बच्चे उपस्थित थे।

### जिम में खिलाड़ियों ने किया योग



**बालोद।** जिम बालोद में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस में जिम के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों को योग करने के फायदे भी बताए गए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर में क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू, इस दौरान कोच मुनींद्र साहू, क्रीड़ा भारती के सदस्य जाहिर कुरैशी, सुषमा ढीमर, आयुष राजपूत, संतोष वासनिक एवं जिम के सदस्यों ने सहभागिता दी।

### माहुद बी में मना योग दिवस



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम माहुद् बी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम पंचायत सरपंच डा. नारायण दास साहू, प्राचार्य केएस. देशमुख समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया।

## योग से निरोग रहने का दिया संदेश...







**बालोद।** शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले भर के ग्रामीण तथा वनांचल क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों में छोटे बच्चों से लेकर युवा, बुजुर्ग वर्ग तथा महिलाएं भी योग करते नजर आई। इस मौके पर लोगों ने योगाभ्यास करते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लोगों को निरंतर योग कर निरोग रहने का संदेश दिया। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्कूली बच्चे शिक्षकों के साथ योगाभ्यास करते दिखे। वहीं, जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक मुख्यालयों में भी स्कूली बच्चों से लेकर शिक्षकों ने योगाभ्यास किया। सफाई कर्मचारियों से लेकर हर वर्ग के कर्मचारियों व अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। जनप्रतिनिधि भी योगाभ्यास करते नजर आए।

### कार्यक्रम : अंचल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह हुए कार्यक्रम

# लोगों ने योग व प्राणायाम का किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर


कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मर्रा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 75 वर्षीय योगाचार्य तुलाराम वर्मा एवं योग समिति ब्लाक अध्यक्ष लालाराम वर्मा के आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. ओपी.परगनिहा ने कहा कि योग ऐसा सशक्त माध्यम है, जिससे शारीरिक और बौद्धिक विकास सम्भव है, बच्चों में नैतिक शिक्षा एवं बौद्धिक शिक्षा की आवश्यकता है, जिसके चलते महाविद्यालय में योग वाटिका का शुभारम्भ करने की घोषणा की। योग वाटिका में प्रतिदिन सुबह 7–8 बजे योग अभ्यास योग गुरु तुलाराम वर्मा तथा लालाराम वर्मा द्वारा कराया जायेगा। इसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी, बच्चे तथा ग्रामीण इस योग वाटिका का लाभ ले सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन योग प्रभारी डॉ नितिन कुमार तुर्रे ने किया व आभार व्यक्त डॉ सुशीला ने किया। कार्यक्रम में डॉ.दीपिका देवदास, डॉ.रुथ एलिजाबेथ ईक्का, इंज.किपु किरण महिलाँग, लुकेश कुमार महानंद, प्रवीण कुमार साहू, गीतिका, पीयूष, खिलेश्वरी साहू, डॉ. प्रशांत बिझेकर, डॉ. ओमवीर सिंह रघुवंशी, तरुण कुमार चंद्राकर, बीरबल नाग, बिसाहू राम चंदन, सहित ग्रामीण एवं संस्थान के बच्चे उपस्थित थे।

■ कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मर्रा में बनाई जाएगी योग वाटिका



### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मर्रा का नाम गर्व की बात

अतिथि योग समिति ब्लाक अध्यक्ष लालाराम वर्मा ने कहा कि मर्रा की ख्याति योग विधा के सहारे देश विदेश में अपने शिष्य धीरेंद्र एवं साथियों के माध्यम चर्चित करने में भैया तुलाराम वर्मा के साथ हमारा योगदान हमें गौरवान्वित करता है। उन्होंने कहा कि स्वयं से स्वयं को और समाज देश परिवार को जोड़ने की कला योग और संस्कार सिखाती है, जिसे हर आदमी को अपनाना चाहिए।




### योग गुरुओं का किया गया सम्मान

महाविद्यालय परिवार ने अतिथियों का श्रीफल शाल से सम्मान किया। विदित हो इनके द्वारा योग सीखे बच्चों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मर्रा का नाम रोशन किया है। पृथक चर्चा में ब्लाक योग समिति संरक्षक एके जैन ने कहा कि 75 वर्ष की उम्र में योग की सारी विधाओं को अंचल के लोगों तक पहुंचाने और उन्हें सिखाने के लिए मर्रा के पूर्व सरपंच तुलाराम वर्मा को शासन द्वारा विशेष सम्मान से नवाजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तुलाराम वर्मा और लालाराम वर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए योग शिष्य तैयार किया है।



## शासकीय विद्यालय घीना में मना योग दिवस

**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना में 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के एक दिन पूर्व गांव में मुनादी करा कर ग्रामीणों को इस योग दिवस में जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रशिक्षित व्याख्याता तारेंद्र व सीएल ठाकुर ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। विभिन्न प्राणायाम तथा ताड़ासन, कच्छप आसन, मण्डूकासन, वृक्षासन, जैसे महत्वपूर्ण आसनो का अभ्यास कराये। सबसे पहले संस्कृत मन्त्रों के साथ योग का प्रारंभ किया। अंत मे सर्वे भवन्तु सुखिनः के साथ समापन किया गया। विद्यालय प्राचार्य एमएल ठाकुर ने योग के महत्व को बताया तथा करो योग, रहो निरोग की बात समझाई। रूपसिंह रावटे ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## डारन बाई तारम शासकीय कालेज गुरुर में मनाया गया योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

नगर के स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वयं तथा समाज के लिए योग थीम आधारित सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

जिसमे योग एवं विभिन्न आसनों का अभ्यास किया गया। जिसमे हस्त, पैर संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अष्टांगासन, शवासन, भ्रामरी, कपालभाती, अनुलोम विलोम, सूर्यनमस्कर, का अभ्यास किया गया। प्राचार्य केएल रावटे ने कहा कि हमारे जीवन में योग एवं आसनों का विशेष महत्व है, यह हमारी प्राचीन संस्कृति है जिसे निरंतर अभ्यास करते रहने से हम अपने शरीर



को स्वस्थ रख सकते हैं। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रोहित सोरी, डॉ.योगेंद्र धुर्वे, स्नेयल जोशी, गौसेवक प्रसाद, लेखराम हिरवानी, देवेंद्र रात्रे, प्रज्ञा कोरपे, दीपेश बरसेल, टोमेश्वर साहू, योगेश पौषार्य, नंदू पटेल, महाविद्यालय स्टॉफ, रासेयो स्वयं सेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### गुण्डरदेही में स्वच्छ मन स्वच्छ शहर की थीम पर किया योग

**गुण्डरदेही।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत गुण्डरदेही के बैडमिंटन हाल में स्वच्छ मन स्वच्छ शहर की थीम पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुभागीय अधिकारी, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालिका अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के साथ जनप्रतिनिधि के रूप में प्रमोद जैन, पार्षद विजय सोनकर उपस्थित हुए। योग शिक्षक के रूप में योगाचार्य केशव राम साहू एवं रामलाल सिंघाड़े, अध्यक्ष पतंजलि योग समिति उपस्थित थे। जिन्होंने आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम के साथ शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग अभ्यास कराया कार्यक्रम के अंतर्गत नगर को स्वच्छ रखने वाले महिलाओं का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

## नियमित अभ्यास के लिए किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में योग दिवस मनाया गया। हेमचंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित योग शिविर में कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा की सानिध्यता में महाविद्यालय के कुशल योग प्रशिक्षकों के नेतृत्व में बीएससी बी.एड. चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने अनेक योगासनों का प्रदर्शन कर शिविर में आए विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों व अतिथियों को स्वस्थ और निरोगी जीवन जीने के लिए योग व ध्यान कितना महत्वपूर्ण आयाम है यह संदेश दिया। कुलपति ने कुछ योगासनों का प्रदर्शन कर उनके विषय में संक्षिप्त जानकारी प्रदान कर नित्य योग करने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों शिक्षकों व कर्मचारियों ने भी विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। महाविद्यालय के अध्यक्ष राजन दुबे ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए सबके स्वस्थ व सुखद जीवन की कामना की।



### नर्सिंग के विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

**बालोद।** दानीटोला में स्थित मारुति इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग के छात्र–छात्राओं द्वारा 21 जून को अंतरास्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। गुरु योगेंद्र धनकर मालीघोरी ने छात्र–छात्राओं को पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्ध–मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, गोमुखासन, अर्धहलासन, हलासन, सर्वांगासन, विपरीतकर्णी आसन, पवनमुक्तासन, नौकासन, शवासन योग सिखाया गया। प्राचार्य सिजो कोशी के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## प्रशिक्षणार्थी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया योग और प्राणायाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विकासखंड में प्रशिक्षणार्थी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने योग एवं प्राणायाम किया। शशाकासन, पद्मासन, ताड़ासन, बज्रासन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, यौगिक क्रिया का अभ्यास किया गया।

इस अवसर पर बीआरसीसी चन्द्रभान सिंह निर्मलकर ने कहा कि योग भारत में सनातन काल से दैनिक क्रियाओं में से एक है। महर्षि पतंजलि इसके जनक माने जाते हैं। शरीर और मन को एकाग्र करना ही योग है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। जटिल रोगों से भी हम योग की सहायता से मुक्त होकर स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं। आने वाले पीढ़ी को हम योग से परिचित करा कर स्वस्थ एवं सम्पन्न भारत का निर्माण करेंगे।



योग प्रशिक्षक माध्यमिक विद्यालय बगदई हरीश कुमार साहू, विकास खंड गुरूर शिक्षा अधिकारी ललित चन्द्राकार, विकास खंड गुरूर एफएलएन प्रभारी रमाकांत सिन्हा, सीएसी नरेन्द्र कुमार साहू, महेश्वर राजपूत, श्याम लाल सिन्हा, मोहन सिन्हा, संतोष कुमार डहरे, कृष्ण कुमार साहू, मेनका कटेंद, इन्दिरा उइके, पुष्पा साहू एवं विकासखंड के 155 शिक्षक, शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने माह जुलाई में एक पौधा रोपण कर उसकी देखभाल एवं सुरक्षा की शपथ ली।

## शरीर व मन दोनों को स्वस्थ रखता है योग : अभिषेक



**जामगाँव आर।** ग्राम नवागांव में स्कूली बच्चों तथा युवाओं, बुजुर्गों ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया। समाजसेवी अभिषेक सेन ने कहा कि योग शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है और हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। चिकित्सा अनुसंधान से पता चलता है कि योग केवल शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छा स्वास्थ्य को बनाएं रखने में मदद करता है। योग मर्मज्ञ कनक लाल साहू ने कहा कि योग में अच्छी रुचि ले अपने शरीर को सु–ढ़ बनाने प्रतिदिन योग व प्राणायाम सभी करें। इस अवसर पर समाजसेवी अभिषेक सेन, दुष्यंत कुमार साहू, भीषम साहू, कनक साहू, कुंती विश्वकर्मा, मोहनलाल यादव, रिंकू, उमेश यादव, एनु, नीरज, कान्हा, सोनू, टोमेश्वर, रूपेंद्र, रोशन, नेहा, रितु, देविका, शिवकुमार, जितु, पंकज, राहुल सहित ग्रामीणों का योगदान सराहनीय रहा।

### आत्मानंद स्कूल मंगचुवा में कराया गया योग का अभ्यास



**डौंडीलोहारा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मंगचुवा में 21 जून को 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर प्रातः 7 बजे से योग कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ जो 8 बजे तक चला। स्वामी आत्मानंद स्कूल मंगचुवा के प्राचार्य आई आर बगमरिया ने बताया कि योग कार्यक्रम में 67 बच्चों ने भाग लिया। जनप्रतिनिधि के रूप में सरपंच अमरीका नायक, उप सरपंच उत्तम ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक, टीआर नायक एवं अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### सेजस जामगांव आर में किया गया सामूहिक योगाभ्यास



**जामगांव आर।** सेजस जामगांव आर में प्राचार्य राजेश पिल्लई के कुशल मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गणमान्य नागरिकों सहित विद्यालय परिवार ने योग किया।



### सेजस विद्यालय दुधली में मना योग दिवस

**डौंडीलोहारा।** सेजस विद्यालय दुधली में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्राथमिक शाला दुधली, माध्यमिक शाला दुधली, उमावि दुधली के स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। योग का प्रारंभ प्रार्थना से किया गया। उसके बाद खड़े होकर किए जाने वाले आसन में ग्रीवा चालन, ताड़ासन, वृक्षासन का अभ्यास किया गया । बैठकर किए जाने वाले आसन में वज्रासन, शशांक आसन , शलभाषन, मकरासन, कटी चक्रासन का अभ्यास किया गया। लेट कर किए जाने वाले आसन में पवनमुक्तासन का अभ्यास किया गया । प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया गया। योग का संचालन संस्था के व्याख्याता मिलन सिंह सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के सदस्य मोहम्मद इसाक खान, दामेश्वर देशमुख, प्राचार्य डीएन यादव ने लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया। आभार प्रदर्शन व्याख्याता आर एन राणा ने किया। उसके बाद सभी को प्रतिदिन योग करने का संकल्प दिलाया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 16,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411